Please check the examination details below before entering your candidate information

| नाम | कक्षा | विभाग |
|---|---|---|
| | | |

# BLOOM हिन्दी ओलम्पियाड (BHO)

## प्रश्न-पत्र 2023-24

कक्षा 1

कुल प्रश्न : 35 + 3 (Tie-Breaking सेक्शन)

**कुल निर्धारित समय :** 60 मिनट

**कुल अंक** : 35

## निर्देश

1. इस पुस्तिका में **35 बहुविकल्पीय प्रश्न** हैं, जिनके 4 विकल्प दिए गए हैं। इनमें से **सिर्फ एक विकल्प** सही है।
2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक निर्धारित है।
3. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं। किसी भी गलत उत्तर के लिए **नकारात्मक अंक** नहीं दिया जाएगा।
4. पूरे प्रश्न-पत्र को करने के लिए 1 घण्टे का समय निर्धारित है।
5. पेपर को करने से पहले नीचे दिए गए स्थान में अपनी जानकारी अवश्य भरें।

## OMR शीट निर्देश

1. पेपर शुरू करने से पहले OMR शीट में सभी जानकारी भरें।
2. पेपर शुरू होने से पहले OMR शीट भरने के लिए 10 मिनट अधिक दिए जाएँगे।
3. OMR शीट में सही गोले को भरने के लिए HB पेंसिल का प्रयोग करें। OMR शीट में सही तरह से गोला भरने का तरीका नीचे दिया गया है।
   ● ○ ○ ○
4. OMR शीट में सभी जानकारी भरने के लिए काले या नीले बॉल पेन या HB पेंसिल का प्रयोग कर सकते हैं। आंशिक रूप से भरी गई OMR शीट की जाँच नहीं की जाएगी।
5. पेपर समाप्त होने के बाद OMR शीट निरीक्षक को वापस कर दें।

CODE # 1



HI1

BLOOM CAP
Founded by arihant

**1.** इशारों में समझाई जाने वाली भाषा कौन-सी है?

(a) मौखिक
(b) लिखित
(c) सांकेतिक
(d) ये सभी

**2.** निम्न में से कौन-सा जोड़ा सही नहीं है?

| | पशु/पक्षी | आवाज |
|---|---|---|
| (a) |  | म्याऊँ-म्याऊँ |
| (b) |  | गुटर-गूँ |
| (c) |  | काँव-काँव |
| (d) |  | मैं-मैं ...... |

**3.** 'दादा जी विश्राम कर रहे हैं।' इस वाक्य में रेखांकित वर्ण है

(a) स्वर
(b) व्यंजन
(c) संयुक्त व्यंजन
(d) अनुनासिक

**4.** 'मेरे एक घर में है तोता।' इस वाक्य को सही क्रम में लिखिए

(a) तोता मेरे घर में एक है।
(b) घर में तोता एक है मेरे।
(c) मेरे घर में तोता है एक।
(d) मेरे घर में एक तोता है।

**5.** निश्चित क्रम में लिखे गए वर्णों के समूह को क्या कहते हैं?

(a) वर्ण
(b) अक्षर
(c) शब्द
(d) वर्णमाला

**6.** वर्ण के साथ एक समय में ....... ही मात्रा का प्रयोग होता है।

(a) दो
(b) तीन
(c) एक
(d) चार

**7.** 'तरबूज' शब्द में ध्वनियों का सही क्रम क्या है?

(a) त् + अ + ब् + ऊ + ज
(b) त् + अ + ब + ऊ + ज + अ
(c) तर + बूज
(d) त् + अ + र् + अ + ब् + ऊ + ज् + अ

**8.** नाम बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

(a) सर्वनाम
(b) क्रिया
(c) संज्ञा
(d) विशेषण

**9.** निम्न में से कौन-सा वाक्य सार्थक है?

(a) नेहा तथा शीतल गई पर कल नदी।
(b) नेहा तथा शीतल कल गई पर नदी।
(c) नेहा कल तथा शीतल नदी पर गई।
(d) नेहा तथा शीतल कल नदी पर गई।

**10.** 'मुझे गुलाब का फूल अच्छा लगता है।' वाक्य में संज्ञा शब्द है

(a) मुझे
(b) गुलाब
(c) अच्छा
(d) लगता

**11.** 'राहुल मेरा मित्र है। राहुल बहुत होशियार है।'
वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर कौन-सा सर्वनाम शब्द प्रयुक्त होगा?

(a) तुम
(b) वे
(c) वह
(d) हम

**12.** 'युवक' का स्त्रीलिंग क्या होगा?

(a) युवी
(b) युवती
(c) युवति
(d) युवा

**13.** 'ग्वाला' का बहुवचन क्या होगा?

(a) ग्वाल
(b) ग्वालिन
(c) गया
(d) ग्वाले

**14.** नदी शब्द में वचन है

(a) एकवचन
(b) द्विवचन
(c) बहुवचन
(d) ये सभी

**15.** 'इमली बहुत खट्टी थी।' वाक्य में कौन-सा शब्द विशेषण है?

(a) इमली
(b) बहुत
(c) खट्टी
(d) इनमें से कोई नहीं

**16.** दिए गए शब्दों में से क्रिया शब्द नहीं है

(a) आना
(b) उड़ना
(c) मधुर
(d) देखना

**17.** 'शेर खतरनाक जानवर है।' वाक्य में विशेषण शब्द है

(a) शेर
(b) खतरनाक
(c) जानवर
(d) है

**18.** विशेषण के आधार पर कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

| | शब्द | | विशेषण |
|---|---|---|---|
| (a) | चतुर | — | सियार |
| (b) | नटखट | — | बन्दर |
| (c) | दयालु | — | पुस्तक |
| (d) | सीधी | — | सड़क |

**19.** दिए गए शब्दों में से क्रिया शब्द है

(a) रेलगाड़ी (b) खिलौना

(c) बुनना (d) ताजमहल

**20.** 'मयंक कार <u>चलाता</u> है।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द है

(a) संज्ञा (b) सर्वनाम

(c) विशेषण (d) क्रिया

**21.** सुबह होते ही पक्षी घोंसले से उड़ गए और·······को वापस आ गए। रिक्त स्थान में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द होगा

(a) दाना (b) दोपहर

(c) शाम (d) प्रातः

**22.** दिए गए युग्म में से सही विलोम शब्द वाले युग्म का चयन कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | लाभ | — | शुभ |
| (b) | उठना | — | बैठना |
| (c) | कठोर | — | कठिन |
| (d) | आरम्भ | — | शुरू |

**23.** 'दया <u>मानव</u> का धर्म है।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द का पर्यायवाची शब्द होगा

(a) नीर (b) नर (c) निशा (d) नयन

**24.** पर्यायवाची के आधार पर कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | पेड़ | — | तरु |
| (b) | दिन | — | वार |
| (c) | ईश्वर | — | प्रभु |
| (d) | घर | — | संसार |

**25.** दिसम्बर के बाद कौन-सा महीना आता है?


(a) नवम्बर (b) जून (c) जुलाई (d) जनवरी

**26.** साल में कितने महीने 31 दिन के होते हैं?

(a) 2 (b) 4

(c) 7 (d) 11

**27.** चित्र में दिखाया गया अंग किस काम आता है?



(a) सुनने के (b) देखने के (c) सूँघने के (d) बोलने के

**28.** 'घर में <u>आठ</u> आदमी हैं।' वाक्य में रेखांकित शब्द को अंग्रेजी अंक में कैसे लिखा जाता है?

(a) 6 (b) 9 (c) 3 (d) 8

**29.** 16 का हिन्दी अंक है

(a) 14 (b) 12 (c) 13 (d) 16

**30.** साल का 7वाँ महीना कौन-सा होता है?

(a) फरवरी (b) जुलाई

(c) नवम्बर (d) मार्च

**31.** निम्न में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | 8 | — | 7 |
| (b) | 15 | — | 15 |
| (c) | 6 | — | ३ |
| (d) | 9 | — | ८ |

**निर्देश** (प्रश्न संख्या 32-33) दिए गए चित्र को देखकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।



**32.** चित्र में महिला क्या बना रही है?

(a) रोटी (b) घड़ा

(c) सब्जी (d) इनमें से कोई नहीं

**33.** आदमी किस जानवर को लेकर खड़ा है?

(a) बिल्ली (b) शेर

(c) ऊँट (d) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश** (प्रश्न संख्या 34-35) दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

पायल के घर के सामने एक बगीचा है। बगीचे की देखभाल माली काका करते हैं। उन्होंने बगीचे में कई क्यारियाँ लगा रखी हैं। इसमें पहली क्यारी में टमाटर हैं और दूसरी क्यारी में गोभी एवं भिण्डी के पौधे हैं, तो तीसरी क्यारी में आलू के पौधे हैं। माली काका आलू खोदकर टोकरी में डालते हैं।

**34.** पायल के घर के सामने क्या था?

(a) मन्दिर (b) स्कूल

(c) बगीचा (d) घर

**35.** बगीचे की देखभाल कौन करता है?

(a) पायल (b) माली काका

(c) पायल के दादाजी (d) कोई भी नहीं

## Tie-Breaking सेक्शन

**निर्देश**

1. इस खण्ड में 3 प्रश्न हैं।
2. इस खण्ड में प्राप्त अंकों को कुल अंकों में नहीं जोड़ा जाएगा।
3. यदि दो या दो से अधिक छात्रों के समान अंक आते हैं, तो उनमें विजेता का चयन इस खण्ड में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।
4. इस खण्ड को करना अनिवार्य नहीं है। छात्र इसे कर भी सकते हैं और नहीं भी।

**1.** दिए गए चित्र में प्राणी के नाम हैं










(a) किताब, दादाजी (b) दुकान, घोड़ा

(c) घोड़ा, दादाजी (d) किताब, दुकान

**2.** 'विज्ञान' शब्द में 'ज्ञ' किन दो व्यंजनों से बना है?

(a) क + ष (b) ज + र (c) ज् + ञ (d) ज + ष

**3.** निम्न में से कौन-सा जोड़ा सही है?

(a) पिता-व्यक्ति (b) क्रिकेट-स्थान

(c) विद्यालय-वस्तु (d) दिल्ली-त्योहार